**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र-2024 के प्रथम-शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री किरण पाल कश्यप, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-08 का उत्तरालेख।**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **08**- **(क)** क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत ग्राम-मुण्डबर से भौरा कला की सीमा तक सिंचाई विभाग का नाला है जिस पर कब्जा किया गया है जिससे ग्राम मुण्डबर व भौरा कला ग्राम से पानी की निकासी नहीं हो रही है जिस कारण जलभराव से जनमानस परेशान रहता है? | मुण्डभर नाला जनपद मुजफ्फरनगर की सीमा में ग्राम मुण्डभर के तालाब से शुरू होकर ग्राम भौरा कलां की सीमा के अन्त तक है। नाले की कुल लम्बाई 6.436 कि0मी0 तथा डिस्चार्ज 04 क्यूसेक है। स्थलीय निरीक्षण में नाले के बहाव क्षेत्र में कोई कब्जा नहीं पाया गया। नाले के आन्तरिक सैक्शन में कुछ स्थलों पर कृषकों द्वारा खेतों में आने जाने हेतु निर्मित रास्ता एवं कबाड/झुण्ड के कारण जल निकासी में व्यवधान हो रहा है। जल निकासी की तात्कालिक व्यवस्था के अन्तर्गत नाले के बहाव क्षेत्र में से कबाड/झुण्ड को हटा दिया गया तथा वर्तमान में जल निकासी हो रही है। |
| **(ख)** क्या उक्त नाले की लम्बाई लगभग 05 किमी0 है तथा राजस्व अभिलेखों में चौड़ाई 16 मी0 है, उक्त से कब्जा हटवाकर ग्राम में सुचारू रूप से जल निकासी की व्यवस्था करवायेंगे? | जल निकासी की समस्या के पूर्ण समाधान हेतु वर्षाकाल के उपरान्त नाले का सर्वेक्षण कराकर सफाई का कार्य करा दिया जायेगा। |
| **(ग)** यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| **(घ)** यदि, नहीं, तो क्यों? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

स्वतंत्र देव सिंह
मा0 मंत्री,
जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण विभाग, उ0प्र0।